# हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात

तंत्री एवं प्रधान संपादक - विजयकुमार छत्रपाल शर्मा (चोरीवाडवाले-इडर)
सहतंत्री - कमलेश शर्मा(इसनपुर)
Website: https://hgbsgujarat.org
वर्ष : 2023 अंक : 1
16 जून 2023, शुक्रवार
Email - guj.abhgb@gmail.com



**આયુષ્યમાન ભારત યોજના (PMJAY) અંતર્ગત કાર્ડ ધારકો માટે**

## ટૂંક સમયમાં મફત એન્જીયોગ્રાફી અને એન્જીયોપ્લાસ્ટી (બલૂન / સ્ટેન્ટ) ઉપ્લબ્ધ

## પાટણ હાર્ટ
### ઈન્સ્ટીટ્યુટ એન્ડ રિસર્ચ સેન્ટર



## ડૉ. દેવેન્દ્ર શર્મા
એમ.ડી., ડી.એમ.(JIPMER)
ઈન્ટરવેન્શનલ કાર્ડીયોલોજીસ્ટ
એન્જીયોગ્રાફી/એન્જીયોપ્લાસ્ટી નિષ્ણાત

**ઉપલબ્ધ સુવિધાઓ**

- ઇ.સી.જી. - 2D-ઈકો - ટી.એમ.ટી.
- એન્જીયોગ્રાફી - એન્જીયોપ્લાસ્ટી
- પેસમેકર - 24 કલાક ઇ.સી.જી.(હોલ્ટર)
- 24 x 7 ઈમરજન્સી - કાર્ડિયાક I.C.U.
- 24 કલાક બી.પી.(ABPM)

એપોઈન્ટમેન્ટ નં.
75080 80853

24/7
ઈમરજન્સી સંપર્ક
75080 80835

દુ.નં. ૩૩૨-૩૪૫,૪૩૨-૪૪૫, એપોલો બિઝનેસ સેન્ટર, દૂધસાગર ડેરીની સામે,
શંકુજ હોસ્પીટલની બાજુમાં, હાંસાપુર, પાટણ.(ઉ.ગુ.) પીન : ૩૮૪૨૬૫

Location QR Code

Follow us : @PatanHeartInstitute

## समाज की पत्रिका - गुजरात में वैचारिक क्रांति - समाजबंधुओ की अभिनव पहल



संजय पंडित
प्रदेश अध्यक्ष
अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन

गुजरात प्रदेश में समाज की हर गतिविधियों को कवर करने वाली मासिक पत्रिका का सर्जन समाज के लिए एक बड़ी पहल है। समाज को जागरूक बनाने में इस पत्रिका का विशेष योगदान आनेवाले समय में देखने को मिलेगा। समाजबंधुओं के विचारों को गति मिलेगी और गुजरात में पहली वैचारिक क्रांति का निर्माण होगा। बहुत अच्छा कदम और सराहनीय कार्य। मैं पत्रिका(अखबार) की पूरी टीम को बधाई देता हूं



चंद्रेशभाई शर्मा
(चोरीवाड़वाले), अध्यक्ष
साबरकांठा-अरावली जिला, अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन

यह बहुत अच्छी बात है कि समाज की पत्रिका शुरू हुई है। इससे समाज में ज्ञान और सूचनाओं का आदान-प्रदान बढ़ेगा। पारदर्शिता और ईमानदारी से काम करने और समाज के कोने-कोने तक समाज की बात पहुंचाने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।



विजय रामाधार शर्मा
(युवा अध्यक्ष, अहमदाबाद-गांधीनगर-दहेगाम युवा संगठन)

यह जानकर बेहद खुशी महसूस कर रहा हूं कि हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - गुजरात में पत्रिका की शुरुआत होने वाली है। हमारे समाज के लिए और खासकर युवावर्ग के लिए उनकी बाते और सकारात्मक कार्यो को इस पत्रिका के जरिए लोगो तक पहुंचाया जाएगा और गुजरात ब्राह्मण समाज के युवाओं को पत्रिका द्वारा प्रोत्साहन मिलेगा। मैं विजयभाई शर्मा (चोरीवाड), सहतंत्री कमलेश शर्मा(इसनपुर) और पंकजभाई शर्मा उनके साथ सहयोग देने वाले बंधुओं को अभिनंदन देता हूं।।



राजूभाई शर्मा
(रणासणवाले),
उपाध्यक्ष, साबरकांठा-अरावली जिला, अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन

पंकज शर्मा, विजय शर्मा और उनकी टीम पत्रिका बनाने के लिए जो मेहनत कर रही है वह बधाई के पात्र हैं..एक अखबार या एक मासिक पत्रिका सबसे पहले समाज में सोचा और लागू किया। यह बहुत खुशी की बात है। समाज के लिए यह बेहद आवश्यक था। इसके लिए पूरी टीम को बधाई। पत्रिका की टीम को प्रगति के लिए शुभकामनाएं



हितेश पंडित
दिव्यांग, वडोदरा

गुजरात में हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज का अखबार या पत्रिका शुरु होने की खबर से काफी खुशी हुई, इस के लिए समाजबंधुओ को बधाई देता हूं, दिव्यांग होने के बावजूद आज समाज में हो रही वैचारिक क्रांति से गदगदित हूं..विजय शर्मा और पंकज शर्मा समेत पत्रिका की पुरी टीम को शुभकामनाए देता हूं



सुनिल पंडित
(अहमदाबाद)
(एस.एस.मावावाला परिवार)

हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात के नाम से शुरु हुई पत्रिका समाजबंधुओ को एकजूट करेगी। पत्रिका के जरिए समाज को जोड़ा जाएगा। समाज की स्वस्थ चर्चा को दायरा और गति मिलेगी। उपयोगी विषयो को रोचक तरीके से समाज के सामने पेश करने के लिए एक अद्भुत मंच की शुरुआत की गई है। इसके लिए मैं पत्रिका टीम को बधाई देता हूं।



सुभाष शर्मा
PI,ACB
गुजरात पुलिस

हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात अब चमक रहा है। एक छोटा सा लेकिन बहुत ही महत्वपूर्ण और सुंदर कार्य समाज को रोशन करने के लिए शुरू हुआ है। सूचनाओं का आदान-प्रदान होगा। लेकिन इसके साथ ही हर व्यक्ति के संघर्ष और मेहनत की सफलता की कहानी भी जानी जाएगी। पत्रिका की टीम को अभिनंदन जिन्होंने इस बारे में सोचा और अपना समय दान कर इसे अमली जामा पहनाया।



शर्मा विनोद कुमार
बालकिशन
(शामलाजी)

सचमुच गुजरात में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज की पत्रिका लोन्च होना एक शानदार पहल है। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण गुजरात समाज की पहली बार मासिक पत्रिका प्रकाशित होने जा रही है यह खूब प्रशंसनीय और सराहनीय कार्य है। समाज की सामायिक घटनाएं, खास व्यक्ति की संघर्ष की कहानी ,विज्ञापन इत्यादि जानकारी एक सस्ते कागज पर छपी होती है लेकिन उसकी अहमियतता लाखों-करोड़ों से कम नहीं होती।



डॉ. दौलतकुमार
गोपाललाल शर्मा
प्रोफेसर,गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज,गांधीनगर

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज, गुजरात प्रदेश द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिका के प्रकाशन के लिए पत्रिका की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। विजयभाई शर्मा और पंकजभाई शर्मा की पहल काबिले तारीफ है। यह एक साहसिक कदम है, मैं इसके लिए आपकी प्रशंसा करता हूँ एवं आशा रखता हूं कि यह पत्रिका समानता एवं निडरता के साथ तटस्थता पूर्वक समाज के हित में सत्य और निष्ठा पूर्वक अपना दायित्व पूर्ण करेगी।



योगेंद्र शर्मा, महामंत्री
अखिल गुजरात हरियाणा गौड़ ब्राह्मण सेवा संगठन

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज में विचारों की क्रांति पैदा करने वाले अखबार के रूप में पत्रिका शुरू करना गर्व की बात है। जिसमें सामाजिक कार्यक्रम, विकासात्मक मुद्दे, लेख, विशेष संवाद और सामाजिक समाचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। मुझे विश्वास है कि यह पत्रिका एक दिन संवाद के सेतु के रूप में कीर्तिमान स्थापित करेगी। पत्रिका के सभी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं।



यज्ञेश कन्हैयालाल पंडित
(रखियाल, अहमदाबाद)
(अहमदाबाद गांधीनगर दहेगाम युवा संगठन महामंत्री)

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - गुजरात में पत्रिका की शुरुआत समाज का प्रगति की दिशा में बढता हुआ बडा कदम है।। हमारे समाज के लिए बहुत खुशी एवं गर्व की बात है कि अब ये मासिक पत्रिका के माध्यम से समाज की हर खबर समाजबंधुओं तक बहुत अच्छी तरह से पहुचेंगी।। हमारे गुजरात प्रदेश समाज में इस तरह की यह सर्वप्रथम पहल है। हर समाजबंधु के मन की बात जानने को मिलेगी। बहुत ही सराहनीय कार्य है। आज मेरे पिताजी कनैयालालजी होते बहुत ही खुश होते और गर्व महसूस करते।



उमेश कुडाया, अहमदाबाद
(माधोपुरा वाले)
कोषाध्यक्ष - अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा,गुजरात प्रदेश

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज गुजरात में समाज के नये समाचार अख़बार शुरु होने पर सर्वप्रथम समस्त गुजरात प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। समाचार पत्र समाज की वर्तमान स्थिति का दर्पण है समाज में घटित घटनाओं का दस्तावेज है समाज के लोकतंत्र का चतुर्थ स्तम्भ है। जरूरत पड़ी तो हम भी इस सामाजिक कार्य के यज्ञ में सहयोग करेंगे।



विनोद कुडाया माधोपुरा
युवा समाज बंधु

आज समाज के समाचार पत्र हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वे लगभग उतने ही महत्वपूर्ण हो गए हैं जितने भोजन और वस्त्र
समाज में समाचार पत्र की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि यह महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम समाज बंधुओं बात हर प्रदेश, ज़िले, तहसील, इकाई तक पहुंचाता है।



हरिश पंडित
"बापलावत"
नायब तहसीलदार, विजापुर

समाज विकास मंदीर की सीढी के पायदान पर समाज के कार्यकर्ता पंकज शर्मा ओर विजय शर्मा अपनी सुझबुझ,महेनत से समाज समाचारों की पत्रिका प्रकाशन को रखने जा रहे हैं। यह सभी के लिये गर्व की क्षण है। समाज की पत्रिका,समाज का आइना बने,समाजजनों की आवाज बनें,समाज विकास का मुख्य घटक बनें, यह परमकृपालु परमात्मा, गुरुवर हारित ऋषि से करबद्ध ,प्रफुल्ल नयन,हृदय की गहराइयों से प्रार्थना।



(प्रो) डॉ.आर.एम. शर्मा
(अर्थशास्त्री, अहमदाबाद)

समाज के लिए एक उत्कृष्ट और उपयोगी आवश्यकता। आज परिपूर्ण हो रही है।। समाज के लिये प्रगति की सीढ़ियाँ बने, समाज परिवर्तन का पथदर्शक बने और पाठकों का प्यार मिले। पत्रिका टीम को शुभकामनाएं।



गोपालभाई हरस्वरुप शर्मा
(सारसा), सदस्य,
प्रदेश मार्गदर्शक मंडल,
अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन

समाज के अंधकार को दूर कर प्रकाश फैलाना ही समाज के कल्याण की सही दिशा है। मुझे खुशी है कि समाज के लिए मासिक समाचार पत्र शुरु हुआ है। हर समाज के पास अपनी पत्रिका होती हैं। हमारे समाजबंधुओने जो शुरुआत की है वह बेहतरीन है और बधाई के पात्र हैं।



कल्पना महेश शर्मा
(सदस्य, वडोदरा महिला समिति)

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज अब किसी विषय में पीछे नहीं रहा। हमारे समाज के ज्यादातर जागृत बंधु कुछ न कुछ नित नई पहल करके सभी को प्रोत्साहित करते है।वे अपने निजी व्यवसाय में से भी समय निकाल कर समाज को आगे लाने में योगदान करते है यह सचमुच हमारे लिए गौरव की बात है।अब समाज की पत्रिका के रूप में हमे एक अमूल्य भेट मिल रही है।जिसमे समाज की गौरवगाथा के हम सभी साक्षी बने रहेंगे यह एक सराहनीय पहल है। वडोदरा महिला मंडल की ओर से सभी को हार्दिक बधाई



हरिकिशन शर्मा(कठलाल),
जिला उपाध्यक्ष, खेडा

बहुत ही शानदार पहल। जरूरत है कि इसे बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक सहयोगी आगे आएं। टीम को अभिनंदन



सुखदेवभाई शर्मा, पाटण,
अखिल गुजराज हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन

अद्भुत और अतुलनीय सेवा। इस बारे में अभी तक सोचा नहीं गया था। यह भी आवश्यक है। टीम को शुभकामनाएं



सुरेश पंडित
कोषाध्यक्ष,
अखिल गुजरात हरियाणा गौड़ ब्राह्मण सेवा संगठन

समाज की बात समाज के हर परिवार तक पहुंचाने से बड़ा नेक काम और क्या हो सकता है। पत्रिका का लोन्च होना इस दिशा में लिया गया एक उत्कृष्ट कदम है। युवाओं को इस तरह के सामाजिक कार्यों में अपने हुनर का इस्तेमाल करते देखना वाकई प्रेरणादायक है। मैं गुजरात पत्रिका टीम को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।



पंडित दिनेशचंद हरीशचंद
(खारेडा वाले)
पाटन _बनासकांठा
जिला अध्यक्ष

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेश में जागरुकता बढी है। यही वजह है कि आज हमारे समाज को नि:शुल्क वेबसाइट-पोर्टल सेवा मिली है और अब पत्रिका के रूप में समाज की जानकारी वाला एक अखबार मिला है। मैं पत्रिका के संपादक सह-संपादक सहित पूरी टीम को बधाई देता हूं। और इस कार्य को बनाए रखने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।



महेश पंडित(वासद),
जिला अध्यक्ष,
आणंद जिला युवा मोरचा

गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज द्वारा समाज की पत्रिका (अखबार) की जो व्यवस्था की है वह हमारे समाज के प्रगति की नीव है। आणंद जिले के सभी कार्यकर्ता बहुत खुशी महसूस कर रहे हैं। और गौरवान्वित महसूस कर रहे है। पत्रिका टीम को अभिनंदन।



हसमुख पंडित(पोर)
अध्यक्ष, गुजरात
प्रदेश युवा मोरचा

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज का युवावर्ग आधुनिक और तकनीकी जानकार हो गया हैं। जो अब विभिन्न सेवा गतिविधियों के साथ-साथ अपने कौशल से समाज को लाभान्वित कर रहे हैं। पत्रिका का सर्जन गुजरात समाज के लिए एक अनमोल रत्न होगा। अब अन्य राज्यों की तरह गुजरात में भी वैचारिक क्रांति शुरू हो गई है। गुजरात पत्रिका टीम को बधाई।



हरीश पंडित
(एडवोकेट एंड नोटरी)
संयुक्त जिला अध्यक्ष
(पंचमहाल-महिसागर-दाहोद)

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज गुजरात प्रदेश की समाज बंधुओं द्वारा समाज की विविध जानकारियां समाज में सभी समाज बंधुओं तक पहुंचे इसके लिए बहुत ही सुंदर प्रयास के रूप में समाज की मासिक पत्रिका का काम बहुत ही सराहनीय है और इस भगीरथ प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए हर समाज बंधु अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे ! पत्रिका टीम को शुभकामनाएं



कमलेशजी पुरोहित
अग्रणी समाजबंधु
मणिनगर

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेश स्तर की मासिक पत्रिका प्रकाशित होने जा रही है वह समाज के युवाओ द्वारा दिल से की गई महेनत के फल स्वरुप हम समाज के सभी सदस्यो को एक अनोखा लाभ प्राप्त होगा। इस पत्रिका द्वारा समाज सेवाओ की जानकारी समय समय पर मिलती रहेगी और सभी की महेनत रंग लायेगी। पत्रिका टीम को शुभकामनाएं।



मनीषा शर्मा, सदस्य,
वडोदरा महिला समिति

महिलाओं के लिए नई पत्रिका सामाजिक जानकारी का एक बेहतरीन माध्यम होगा। क्योंकि घर की महिलाओं को समाज के कार्यक्रमों की जानकारी कम होती है। लेकिन अब महिलाएं घर बैठे ही सामाजिक गाथा का वर्णन देख व पढ़ सकेंगी। इतना ही नहीं वह अपने जिले या क्षेत्र की खबर भी भेज सकती हैं। गुजरात पत्रिका टीम को बधाई।



नैना चंद्रकांत पंचोली
(दादनखा) अहमदाबाद
राष्ट्रीय संगठन मंत्री महासभा

अत्यंत हर्षानुभूति हो रही है कि श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज, गुजरात द्वारा प्रथम बार समाज का समाचार पत्र प्रकाशित होने जा रहा है। यह प्रयास समाज से समाजजनों को जोड़ने में सेतु का कार्य करेगा। इस नई पहल के लिए सभी को बहुत बहुत शुभकामनाएं।



कान्तिभाई शर्मा,
पेथापुर जि.गांधीनगर

समाज की ज्ञानवर्धक सूचनाओं एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इसकी सुगन्ध समाज के दूर-दराज के सदस्यों तक पहुंचेगी। मैं गुजरात पत्रिका की टीम को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देता हूं।



राकेश शर्मा, गांधीनगर
जिला सह संयोजक

विजयभाई और पंकजभाई का कार्य सराहनीय है और बधाई के पात्र हैं। टीम को शुभकामनाएं



अनिलकुमार पंडित
सहमहामंत्री, अहमदाबाद

समाज प्रगति पथ पर अग्रसर है। एक-एक कर विकास कार्यो को लेकर मंथन चल रहा है। गुजरात पत्रिका इस संबंध में एक अभिनव पहल होगी।



लालीजी महाराज
प्रदेश उपाध्यक्ष
अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन

पत्रकार के रूप में काम कर समाज सेवा में बहुमूल्य सेवाएं दे रहे पंकज शर्मा और पत्रिका के तंत्री विजयभाई शर्मा की पहल से मैं बहुत खुश हूं। आज की पीढ़ी के लिए समाज के अखबार में समाज के बारे में जानना और समाजबंधुओ का संघर्ष और साफल्य गाथाओ का विवरण लिखना बहुत ही वांछनीय है। मैं पत्रिका की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं और जरूरत पड़ने पर सहयोग करने का भरोसा देता हूं। जय समाज



रामजी लाल शर्मा
(जोशी-खेड़ा)
अध्यक्ष, अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण
महासभा-गुजरात प्रदेश

गुजरात प्रदेश - हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज में पत्रिका शुरु करने का कार्य सराहनीय है। इससे सूचनाओं का आदान-प्रदान बढ़ेगा। समाज के बारे में जानकारी लेने में आसानी होगी। मैं गुजरात महासभा प्रदेश की टीम की ओर से पत्रिका टीम को बधाई देता हूं। जरूरत पड़ी तो हम भी सहयोग करेंगे।



श्यामसुंदर पंडित,
महेसाणा जिला उपप्रमुख
अखिल गुजरात हरियाणा गौड़ ब्राह्मण सेवा संगठन

यह समाज कार्य में अमूल्य सहयोग होगा। पंकज शर्मा और पत्रिका के तंत्री विजयभाई शर्मा की समाज के बदलाव के लिए की गई पहल की मैं सराहना करता हूं। पत्रिका के प्रकाशित होने पर समाज बंधुओं की सफलता और संघर्ष के बारे में पढ़ कर सभी समाजबंधुओं को प्रेरणा मिलेगी। पत्रिका टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं और यथाशक्ति सहयोग करने का भरोसा देता हूं।



जगदीश शर्मा
(फोटोग्राफर ,पाटण)

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज समाज की हर खबर को समाज तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध यह पत्रिका चाहे वह गुजरात में स्थित समाज बंधु की खबर हो या गुजरात बाहर के प्रदेशों के समाजजनों की खबर हो यह हर खबर को कवर करने वाली मासिक सर्वश्रेष्ठ पत्रिका का श्रेय प्राप्त करेगी। समाज को जागरूक बनाने में इस पत्रिका का विशेष योगदान आनेवाले समय में देखने को मिलेगा। इस पत्रिका के माध्यम से समाजबंधुओं के विचारों को गति मिलेगी और गुजरात में विचार विमर्श एवं सामाजिक उत्थान चिंतन हेतु पत्रिका के रूप में एक नए मंच का निर्माण होगा।



खुश्बू मिलाप शर्मा,
मणीनगर अहमदाबाद

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज गुजरात के नए अखबार के लिए सभी समाज बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ। प्रोत्साहित करनेवाली खबर से उत्साहित हूं।



केवल शर्मा, पत्रकार
एबीपी अस्मीता न्यूज

युवा चाहें तो समाज कल्याण के कार्य कर सकते हैं। गुजरात पत्रिका इसका उदाहरण है। यह एक ऐसी पहल है जो लंबे समय में समाज को लाभान्वित करती रहेगी। साहसिक कार्य के लिए पूरी टीम को बधाई।



बुद्धिशंकर पंडित
(नडियाद),
वृंदावन डेरी

एकता समाज की सबसे बड़ी ताकत होती है। पत्रिका से एकता का अद्भुत संदेश जा रहा है। पत्रिका समाज की एकजुटता को बढ़ावा देगी। जानकारियां मिलती रहेंगी। शुभकामनाएं।



हेमेन्द्रकुमार शर्मा
नागरवेल, अहमदाबाद

सामाजिक प्रगतिवादियों और समाज के ज्ञान के लेखों को एकत्र करना एक कठिन और समय लेने वाला कार्य है। इस कार्य के लिए समय देने वाले टीम के सदस्यों को अभिनंदन-शुभकामनाएं।



कमलेश शर्मा,महामंत्री
अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा

हम समाजबंधुओ मिलकर यह पत्रिका शुरु करने जा रहे है , वह समाज में एक ऐतिहासिक घटना है जो असंभव को संभव बनाने का विशाल कार्य एवं रूपरेखा है। पत्रिका के तंत्री - सहतंत्री समेत सहयोग देनेवाले सभी समाज बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं-अभिनंदन।



रामअवतार शर्मा(बापूनगर),
अहमदाबाद

जागरुकता हमारे समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। गुजरात की नई पत्रिका समाज जागृति के संदेश फैलाती रहे यही शुभकामनाएं।



हमारे समाज की उत्साहजनक और प्रेरणादायक खबरों को समाविष्ट करनेवाली गुजरात पत्रिका आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। गुजरात पत्रिका टीम को ऑल द बेस्ट। हमारे समाजबंधुओने जो शुरुआत की है वह बेहतरीन है और बधाई के पात्र हैं।

**सीमाबेन सतिषकुमार शर्मा ओढव, अहमदाबाद**



हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात इसी नाम से समाज की वेबसाइट भी बनाई गई है। फेसबुक पेज भी बनाया गया है। अब इसी नाम का एक अखबार भी आया है। टीम को बधाई जिसने समाज को डिजिटाइज किया और पत्रिका में योगदान दिया।

**अशोक रमेशचंद्र शर्मा (आसोदर), जिला उपाध्यक्ष अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन**



पत्रकार के रूप में कार्य कर रहे पंकज शर्मा को धन्यवाद देना चाहूंगी जो अपना बहुमूल्य समय और प्रयास कर रहे हैं कि हमारे समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सके। समाज के तथ्यों के आधार पर वर्तमान घटनाओं पर रिपोर्ट बनाना और लोगों तक पहुंचाना काफी सराहनीय हैं। पत्रिका की टीम के माध्यम से आज समाज के लोग समाज के हर छोटी से छोटी जानकारी से अवगत हो रहे हैं।

**दक्षा शर्मा मोटिवेशनल स्टोरी (यूट्यूबर)**



"हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात" पत्रिका एक अभिनव पहल है। इससे समाज का नाम भी उजागर होता है। पत्रिका टीम लगातार समाज की अपडेट देती रहे , प्रगति करे उसके लिए शुभकामनाएं।

**रामनारायण शर्मा (अहमदाबाद)**



समाज की सेवा और समाज की जानकारीया जुटाकर पत्रिका प्रकाशित करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। प्रदेश के समाजबंधुओने इस बारे में सोचा है यह वाकई में काबिले तारिफ है। हम सभी पत्रिका में समाज के समाचार देने के लिए सहयोग करेंगे। हम सभी जिला पदाधिकारी इसका समर्थन करते हैं। और शुभकामनाएं।

**अजयभाई शर्मा(वडोदरा), प्रदेश संगठन मंत्री**



जब आप अच्छा काम करने के लिए आगे बढ़ते हैं तो जनता का समर्थन अपने आप मिल जाता है। इस क्षेत्र में गुजरात का एक अखबार कभी शुरू नहीं हुआ। जो आगे आए हैं उनकी तारीफ होनी चाहिए।

**सतीश शर्मा महुधा(खेडा)**



पत्रिका प्रकाशित करने से समाज के युवा और प्रगतिशील व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने का एक सुनहरा अवसर मिला है। यह हर समाजबंधु के लिए गर्व की बात है। अब हम कह सकते हैं कि हमारा अखबार आ गया है।

**राजकुमार शर्मा (देलोल), गोधरा**



पत्रिका जागरुकता की दिशा में एक बेहतरीन शुरुआत है। हम इसकी सराहना करते है । टीम को अभिनंदन करते है। पत्रिका में समाज की विभिन्न जानकारीओ को कवर किया जाएगा यही उम्मीद है। हम भी समाचार प्रदान करने के लिए सहयोग करेंगे।

**सीताराम शर्मा(हिंमतनगर), प्रदेश मार्गदर्शक मंडल**

## तंत्री लेख

## पत्रिका-हमारी संस्कृति-हमारा गौरव-समाज की शान

मैं विजयभाई छत्रपालजी शर्मा (चौरीवाड़वाले) अपने गुजरात क्षेत्र के सभी समाजबंधुओं को अमूल्य उपहार देते हुए प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ। हमने "हरियाणा गौड़ ब्राह्मण-गुजरात" नाम से एक पत्रिका शुरू की गई है। पत्रिका शुरू करने का मकसद सिर्फ इतना है कि समाज के कार्यक्रमों, समाज के समाचारों और समाज के लिए उपयोगी लेखों की जानकारी मिलती रहे। दूसरे समाजों की तरह हमारे समाज का भी लेखों और खबरों का अपना अखबार होना चाहिए। हमने विचार रखा और इसे लागू करने के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी। 15 जून 2023 को पहला संस्करण लॉन्च करने का फैसला किया। हम हर महीने पत्रक प्रकाशित करने का प्रयास करेंगे। जिसमें गुजरात में रहने वाले सभी समाज के सदस्य हमें किसी भी प्रकार की समाज संबंधित खबर, आर्टिकल , लेख भेज सकते हैं।



**विजयकुमार छत्रपाल शर्मा (चोरीवाडवाले-इडर)**

मैं गुजरात के सभी समुदाय के सदस्यों को जानकारी देना चाहता हूं कि हमारा समाज तरक्की कर रहा है। हम सभी ने प्रगतिशील व्यक्तियों और संघर्षशील समाजबंधुओ को करीब से देखा है। उनके संघर्ष से कहीं न कही हम सभी परिचित भी होंगे । हर किसी के परिवार में किसी न किसी तरह का संघर्ष रहा होता है। कई परिवार आज भी संघर्ष कर रहे होंगे। लेकिन हमारा प्रयास संघर्ष से श्रेष्ठ पथ की ओर अग्रसर हुए समाजबंधुओं की जीवन गाथाओं का प्रेरक वृतांत देना होगा। पत्रिका शुरू करने का मकसद सिर्फ इतना है कि समाज के कार्यक्रमों, समाज के समाचारों और समाज के लिए उपयोगी लेखों की जानकारी मिलती रहे। समाजबंधुओ को पत्रिका के माध्यम से जोडा जा सके।

यह पत्रिका गुजरात के समाजबंधुओ की है । गुजरात में रहने वाले सभी समाज के सदस्य हमें किसी भी प्रकार की खबर भेज सकते हैं। हमारी टीम में पंकज शर्मा (बोपल), हीरालाल शर्मा(ओढव), कमलेश शर्मा (इसनपुर), राकेश शर्मा (वस्त्राल), जगदीशप्रसाद शर्मा (पाटण), हरिश पंडित (गोधरा), मनीषा शर्मा (वडोदरा), सागर शर्मा (आणंद), डॉ. दौलतकुमार शर्मा (गांधीनगर), राजुभाई शर्मा (सूरत) सदस्यो की टीम बन चुकी है। हम और भी सदस्यो को आनेवाले दिन में पत्रिका के कार्य के लिए जोडेंगे। आपको पत्रिका में कोई भी खबर देनी हो तो इन सदस्यो का संपर्क कर सकते है। हम आशा रखते है कि हमारी इस छोटी सी पहल को आप सभी समाजबंधु अपनाएंगे। इसके बारे में समाजबंधुओ को ज्यादा से ज्यादा बताऐंगे। हम कोशिश करेंगे कि इस पत्रिका में रोचक जानकारियों के द्वारा आपको पत्रिका खूब पसंद आएगी। हमे आप सभी का सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहे यही आशा रखते है।

## कोई भी समाजबंधुओ अखबार(पत्रिका) के लिए खबर या लेख भेज सकता है

हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात मासिक पत्रिका में आप भी अपने जिले या अपने राज्य या हरियाणा गौड ब्राह्मण से संबंधित खबर भेज सकते है...अगर आप इस अखबार(पत्रिका) के लिए कोई खबर या लेख देना चाहते हैं तो आप ई-मेल या व्हाट्सएप कर सकते हैं..पत्रिका के लिए अधिकृत ईमेल - guj.abhgb@gmail.com है। बिना किसी भेदभाव या बिना रुकावट के यहा सकारात्मक खबरो को साझा किया जाएगा

### आप क्या भेज सकते हैं?

- सोशल मीडिया के बारे में लेख
- समाजबंधुओं द्वारा अपने जिले में किए गए कार्यों या कार्यक्रमों की खबरें
- नई व्यावसायिक इकाई का उद्घाटन
- सरकारी नौकरी कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सफलता मंत्र
- क्षेत्रीय संगठन के कार्यक्रम और उसकी खबरें
- जिला संगठन के कार्यक्रम और उसकी खबरें
- समाजबंधु द्वारा व्यक्तिगत रूप से किए जाने वाले समाज कार्य
- समाज में जागरूकता के लिए लेख
- फोटो स्टोरी या किसी खास विजिट की फोटो
- ज्ञानी या बुद्धिजीवियों के जीवनदायी विचार
- अगर कोई समाजबंधु राजनीतिक स्तर पर काम कर रहा है तो वह अपना कार्यक्रम भी दे सकता है...लेकिन उस कार्यक्रम में उसकी उपस्थिति जरूरी है
- बिजनेसमैन हो तो सफल बिजनेस के सूत्र दे सकता है
- पारिवारिक सदस्यों के पुत्र या पुत्री को प्राप्त पुरस्कार या सम्मान का विवरण
- समाज का गौरव बढ़ाने वाले सभी कार्य या समाचार
- उद्यमिता या समुदाय के सदस्यों की बात हो रही है जिन्होंने स्टार्ट-अप शुरू किया
- सफल महिला उद्यमियों की संघर्ष कहानी
- महिलाओं के संगठन के बारे में समाज की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत लेख या विवरण
- युवा जागरुकता को लेकर समाज के युवाओं के लेख या विचार
- समाज से जुड़ी वो सभी खबरें या बातें जो समाज के लोगों ने की हो
- समाज से जुड़े सभी कार्य जिनसे समाज को लाभ होना है
- गुजरात और गुजरात के बाहर अन्य राज्यों के किसी भी समाजबंधु द्वारा लेख या लेख पाए जाने पर उन्हें समाचार पत्र में शामिल किया जाएगा
- यदि ई-मेल के माध्यम से अन्य राज्यों के समाज की गतिविधियों की जानकारी दी जाती है, तो इसे समाचार पत्र में शामिल किया जाएगा
- श्रद्धांजलि, बेसना, पुण्यतिथि, स्मरणोत्सव आदि पत्रिका के लिए दिए जा सकते है
- समाचार पत्र में अपने व्यवसाय या पेशे का विज्ञापन दिया जा सकता है, जिसके लिए संपादक(विजय शर्मा-चोरीवाड) या संपादकीय टीम(पंकज शर्मा) से संपर्क करना होता है

## हमारे पूर्वज-हमारा इतिहास

# परिवार के पूर्वज सेठ श्री हीरालाल जी का इतिहास बताते हुए भावुक हो जाते है कमलेश शर्मा

मुझे ज्ञात एवं ज्ञान है तब तक हमारे पिताजी के नानाजी सेठ जी श्री हीरालाल जी का सर्वप्रथम राजस्थान के सिंडोली गांव से अहमदाबाद में सर्वप्रथम आगमन हुआ था या स्थाई हुए । उन्होंने अहमदाबाद के कालूपुर रेलवे स्टेशन के पास रोजी सिनेमा के पास भाई लाल का डेला वह उनका स्थाई निवास बनाया। उनके समकालीन दूसरे सेठ श्री पन्नालाल जी का नाम मुझे ज्ञात है । उसके बाद में राजस्थान समाज से जो भी समाज बंधु गुजरात अहमदाबाद में पधारे वह सब करीब करीब वही सेठ श्री हीरालाल जी के साथ भाई लाल के डेले में स्थाई हुए एवं अपना स्थाई निवास बनाया गया। उस समय के समकालीन करीब-करीब समाज बंधु वही रहना पसंद करते थे एवं यात्रियों की चार धाम की ट्रेन जो कालूपुर रेलवे स्टेशन पर आती थी उन यात्रियों की सेवा चाकरी भी वहीं स्टेशन पर किया करते थे।

एक जानकारी एवं पूर्वजों की जानकारी के अनुसार उन्होंने भारत देश में छप्पनिया अकाल कहा जाता है । उस दुष्काल की खराब परिस्थिति में जब कुदरत पूरे भारतवर्ष पर रूठा हुआ था एवं खाने के लिए अनाज के दाने तक पैदा नहीं होते थे । उस विपरीत परिस्थिति में एवं पूर्वजों ने कांट नाम की वनस्पति के अंशों को पीसकर उनकी रोटियां बना कर खानी पड़ती थी एवं अपना पेट भरना पड़ता था।

कुदरत की उस महामारी से तंग परेशान होकर एक दिन हमारे पिताजी के नानाजी सेठ श्री हीरालाल जी दुखी दुखी हो गए एवं और एक दिन ऐसा समय आया जब वह अपने खेत में गए एवं अपने खेत में उन्होंने जूती के साथ में पैर को तीन बार अपनी जमीन पर आह्वान कर तीन बार ऊपर नीचे किया एवं उन जुतियों को वही खोलकर वहीं से नंगे पांव वहां से चल दिए। गांव, गांव की हवेली एवं खेत खलिहान सब कुछ छोड़ दिया एवं प्रण लिया की आज के बाद ना तो मैं तुझको यानी खुद की खेती की जमीन को ना कभी बाऊंगा, जोतुंगा एवं ना कभी तेरा बोया जोता हुआ खाऊंगा। उस दिन से लेकर जीवन के अंत समय तक 40 साल तक उन्होंने अन्न ग्रहण नहीं किया एवं केवल फल एवं दूध पर अपने 40 साल निकाले एवं नित्य नियम के अनुसार गायत्री हवन किया करते थे।

उस समय आधुनिक सुविधाएं नहीं थी। गाड़ी घोड़े ट्रक जैसे साधन कम थे उन्होंने अपने कारोबार की शुरुआत हाथ लारी से माल ढोकर एवं मजदूरी कर जगह जगह पर माल सामान पहुंचाने का ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय शुरू किया एवं सरकारी एवं बड़ी-बड़ी कंपनियों के ठेके लेने लगे। जिसमें उनको सफलता मिली एवं हीरालाल जी सेठ श्री हीरालाल जी बन गए उनका कहीं बड़ी-बड़ी कंपनियों एवं सरकारी खातों में उस जमाने में सरकारी ठेके चला करते थे और सफलतापूर्वक कार्य किया करते थे वह इतने बलिष्ठ एवं बलवान थे की 200 500 किलो माल को अपने कंधों पर उठा कर पटक देते थे।



**कमलेश शर्मा(पनवाडिया)**

**प्रदेश महामंत्री, अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा (गुजरात प्रदेश)**

धंधे की सफलता के बाद उन्होंने समाज सेवा धार्मिक कार्यों में रुचि लेना एवं गौ सेवा करना एवं गौ माता की रक्षा करने का बहुत बड़ा बीड़ा उठाया था एवं प्रण लिए थे कि उनके जीते जी कोई भी उनके अपने विस्तार में गौ माता के साथ में गलत कर नहीं सकता था एवं काट नहीं सकते थे एवं काटने पर रोक लगा दी थी। एक समय तो वह ऐसा आया कि कसाई गौमाता के बड़े बछड़े को उठाकर कत्लखाने पर ले जाने लगे तब उन्होंने कुछ लोगों को बोला कि आप खाली इतना ध्यान रखना कि कोई पीछे से वार ना करें बाकी सब मैं संभाल लूंगा।

उन्होंने कसाईओ से गौ माता के बछड़े को छुड़ाकर अपने कंधे पर उठाकर भाई लाल के डेले में वापस ले आए ।

उस दिन के बाद में किसी कसाई की गौमाता को काटने की हिम्मत उनके विस्तार एवं शहर में नहीं हुई जिसके गाथा हम कहीं समाज बंधुओं एवं लोगो के मुंह से कही बार सुन चुके हैं एवं समाज बंधु जानते हैं।

उनकी उस जमाने में पहली नानी का स्वर्गवास होने के बाद दूसरी शादी की थी जो दूसरे नानी हमारे दादनका गांव की थी। उनके दोनों शादी में कोई संतान प्राप्ति नहीं हुई तब जाकर उन्होंने सेठ श्री हीरालाल जी जो मेरे पिताजी के नानाजी है उन्होंने मेरे पिताजी श्री महादेव जी पनवाडिया थोलाई गाँव को गोद लिया एवं अपना पुत्र बनाया । जिससे हमारे पिताजी गोद जाने की वजह से उनके पुत्र के रूप में अहमदाबाद स्थाई हुई और उन्होंने पिताजी के उस जमाने में टेकचंद पूरा गांव के पटेल श्री जगन्नाथ जी की पुत्री श्री तुलसी देवी जी से मेरे पिताजी का धाम धूम से विवाह कराया एवं मेरे पिताजी को अपना नाम दिया। इसीलिए मेरे पिताजी पिता के नाम के पीछे सेठ श्री हीरालाल जी का नाम लगाते हैं एवं उनका वारसा भी उनको प्राप्त हुआ है । मेरे पिताजी महादेव हीरालाल शर्मा पंनवाडिया के नाम से प्रसिद्ध है हमारे पिताजी एवं माताजी की सेवा भाव एवं आशीर्वाद से नानाजी बहुत प्रसन्न रहा करते थे और उनके आशीर्वाद से आज हम अहमदाबाद में सहपरिवार सुख शांति और समृद्धि से अपना जीवन यापन करते हैं। हमारे पिताजी उनको ही भगवान का स्वरूप मानकर उनकी फोटो मंदिर में रखकर सदैव उनकी ही पूजा किया करते हैं एवं कहा करते हैं कि आज मेरे पास में जो सब कुछ है वह सब उनकी आशीर्वाद एवं पुण्य प्रताप की प्राप्ति से हुआ। हम सब भी हर सफलता के पीछे उनका ही आशीर्वाद मानते हैं।

उस जमाने में उनका स्वर्गवास 105 वर्ष की आयु में हुआ था जब मैं करीब 1 साल के अंदर मेरी उम्र थी उन का महान संत जैसा जीवन था। इसीलिए उनके स्वर्गवास पर पालकी में बैठकर संत की तरह शमशान यात्रा निकाली गई एवं अहमदाबाद में उनको चंदन की लकड़ियों में अग्नि दहा एवं अंतिम संस्कार पिताजी द्वारा किया गया एवं समस्त क्रिया कर्म पिताजी ने संपूर्ण किया उनके स्वर्गवास के दिन संपूर्ण कालूपुर माधोपुरा एवं उस समय के आसपास के सभी बाजार उनके मान-सम्मान में बंद रखे गए थे । भारी मात्रा में अंतिम यात्रा में लोगों की भीड़ अंतिम दर्शन के लिए इकट्ठा हुई थी एवं उस जमाने में उनकी ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफी अंतिम यात्रा की करवाई गई थी जो आज भी पिताजी ने संभाल कर संजोग के रखा हुआ है। आज भी हम नानाजी एवं नानीजी के संघर्ष को याद करके भावुक हो जाते है। आज के दौर में हमारा संघर्ष और हमारे पूर्वजोने जो संघर्ष किया उसमें जमीन आसमान का फर्क है। हमारे पूर्वजो को शत शत वंदन।

# गुजरात में समूह विवाह सम्मेलन का आगाज, फरवरी 2024 में होगा भव्य आयोजन

## 14 फरवरी 2024 (वसंत पंचमी) को पाटण में प्रदेश के सभी समाजबंधुओ की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का होगा



अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन के तत्वावधान में समूह विवाह 14 फरवरी 2024(वसंत पंचमी) के दिन पाटण में आयोजित किया गया है । इस से पहले प्रदेश संगठनने सभी जिले के संगठन को समूह विवाह के लिए आयोजन करना चाहते हो तो प्रस्ताव भेजने के लिए आहवान किया था । जिसके बाद पाटण-बनासकांठा-महेसाणा जिला संगठनने इस कार्य को सबसे पहले करने के लिए निश्चय कर लिया है। पाटण से 10 किलोमीटर के अंतर पर कुणघेर गांव पडता है । जहां पर श्री चुडैल माताजी का विशाल मंदिर परिसर है...इसी स्थळ पर समूह विवाह होगा..यह स्थल काफी प्रचलित भी है और काफी बडी जगह भी है...

इस फैसले को अंतिम रुप देने के लिए 19 मार्च 2023 रविवार के दिन पाटण-बनासकांठा-महेसाणा जिला संगठन की टीमने पाटण में आनंद प्रकाश ब्राह्मण वाडी में एक बैठक का आयोजन किया था..जिस में समूह विवाह को लेकर सभी मुद्दो पर चर्चा विचारणा की गई थी। सभी समाजबंधुओने समूह विवाह के स्थळ को फाईनल सहमति देने के बाद प्रदेश संगठन की टीम को सूचना भेजी गई। जिस में प्रदेश अध्यक्ष संजय पंडित, महामंत्री योगेन्द्र शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सुरेश पंडितने मंजूरी दे दी है। 19 मार्च के दिन हुई पाटण-बनासकांठा-महेसाणा जिला संगठन की बैठक में बनासकांठा-पाटण जिला संगठन के अध्यक्ष दिनेशचंद्र शर्मा(खारेडा), आशिषकुमार हरिशंकर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष (पाटण-बनासकांठा जिला संगठन), सिद्धपुर-महेसाणा जिला अध्यक्ष हरेशकुमार आर.शर्मा, सिद्धपुर-महेसाणा जिला उपाध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा, महामंत्री सुखदेव शर्मा, दिनेश नवलकिशोर शर्मा(महामंत्री-पाटण-बनासकांठा जिला), दिपककुमार पंडित(डभाड), भरतकुमार गंगाराम शर्मा(सिद्धपुर), राजेन्द्रकुमार शर्मा(मानपुर), तरुण शर्मा(पाटण), सीताराम शर्मा(सिद्धपुर), हरेशभाइ रमणलाल शर्मा (हीरालाल), जिला अध्यक्ष, महेसाणा-सिद्धपुर जिला संगठन, भवानीशंकर पंडित(डभाड), टीकमचंद शर्मा(पाटण), गोकुलचंद्र शर्मा(देलवाडा), देवकीनंदन शर्मा(भीलडी), जयप्रकाश शर्मा(भीलडी), कैलाश शर्मा(दियोदर), प्रेमचंद पंडित(हारिज), भगवानदास शर्मा(हारिज),जगदीशप्रसाद शर्मा(पाटण),भजनलाल शर्मा(पाटण), भोलाभाई शर्मा(पाटण),संजयभाई शर्मा(हारिज), हसमुखभाई शर्मा(महेसाणा), किशोरभाई शर्मा(सिद्धपुर), रोहित शर्मा(पाटण), सूरज शर्मा(सिद्धपुर), गोपी शर्मा(पाटण), आकाश शर्मा (पाटण), टीनाभाई शर्मा(सिद्धपुर), प्रभाकर शर्मा (सिद्धपुर), धर्मेन्द्र शर्मा(पाटण) समेत 90 से ज्यादा समाजबंधुओने बैठक में शिरकत की।



जिला संगठन के फैसले के बाद अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन के अध्यक्ष संजय पंडित और कोषाध्यक्ष सुरेश पंडितने पाटण-बनासकांठा-महेसाणा जिले की टीम को शुभकामनाएं दी है और समाज के लिए समूह विवाह का फैसला करके समाज की सेवा करने की इच्छा और सेवा भावना की सराहना की। उन्होने कहा कि प्रदेश संगठन की पूरी टीम तन, मन और धन से जिला संगठन को सहयोग करेंगी। सुरेश पंडितने बताया कि सामूहिक विवाह में होने वाली शादियों के रजिस्ट्रेशन की पूरी जिम्मेदारी बनासकांठा-पाटन-मेहसाणा जिले ने संभाली है ।

पाटण के जगदीश प्रसाद शर्मा(प्रदेश संगठन मंत्री) ने बातचीत में बताया कि सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए बनासकांठा-पाटन-मेहसाणा जिला संगठन ने आज से काम करना शुरू कर दिया है..हम एक सामूहिक विवाह समिति का गठन कर रहे हैं..जो सामूहिक विवाह की सारी जिम्मेदारी संभालेगी.. समाजबंधुओ समिति के किसी भी सेवाभावी व्यक्ति से संपर्क कर शादी के लिए पंजीकरण करा सकते है...हम शीघ्र ही विस्तृत समिति सूची समाजबंधुओं को देंगे।

इसबार समाज का समूह विवाह कार्यक्रम कई मायनो में खास होगा । जैसे कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जोड़े और उनके परिवारों को परिणय सूत्र में बंधने के लिए कुछ शर्तें भी होंगी। इन शर्तों को जल्द ही क्षेत्र की टीम द्वारा रखा जाएगा..पूर्व में कई मामलों में देखा गया है कि अक्सर सामूहिक विवाह में जल्दबाजी में लड़के-लड़की की जोड़ी तैयार हो जाती है और शादी के कुछ ही दिनों में तलाक की नौबत आ जाती है। इससे युवक या युवतियों का जीवन बर्बाद हो जाता है..इस प्रकार की स्थिति पर पूरी तरह से ब्रेक लगाने के लिए शर्तें और नियम तैयार किए जा रहे हैं। अगर ये नियम तोड़े गए तो प्रदेश संगठन की टीम भारी जुर्माना वसूल करेगी। इस नियमो को कुछ दिनो में साझा किया जाएगा ।

आज के आधुनिक युग में शादियां बहुत खर्चीली हो गई हैं और महंगाई भी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, ऐसे में सामूहिक विवाह आज के समय में वरदान है। हमारे समाज के सभी वर्गों के लोग इन सामूहिक विवाहों में भाग ले सकते हैं..इस तरह की व्यवस्था गरीब या मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए एक बड़ी राहत है..इस बारे में अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए गए संपर्क नंबर पर कोल करके ले सकते है।

## कुवैत में जी-20 के तहत आयोजित प्रतिनिधि स्तर की बैठक में अहमदाबाद के ध्रुव पंडित ने भाग लिया

भारत की G20 अध्यक्षता के दौरान, भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय और कुवैत के रक्षा मंत्रालय दोनों ने कुवैत में आयोजित होने वाली एक भारत-कुवैत प्रतिनिधिमंडल बैठक की शुरुआत की। इस प्रतिनिधिमंडल बैठक में भारत के शीर्ष 10 प्रतिनिधियों को यूएवी ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, रक्षा शाखा उत्पादन आदि के क्षेत्र से चुना गया था। इस बैठक में शीर्ष 10 प्रतिनिधियों को निजी, सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी, पीएसयू और प्रतिनिधियों से आमंत्रित किया गया था।

### भारत - कुवैत रक्षा प्रतिनिधिमंडल की बैठक 15 मई, 2023 को कुवैत में आयोजित की गई थी।

इस बैठक में ध्रुव पंडित को इस शीर्ष 10 श्रेणी के तहत चुना गया और भारत के G20 प्रेसीडेंसी के तहत भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस भारत - कुवैत रक्षा प्रतिनिधिमंडल के तहत कुवैत में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। ध्रुव पंडित को कुवैत के रक्षा मंत्री, कुवैत सशस्त्र बलों के महानिदेशक, कुवैत रॉयल गार्ड्स के महानिदेशक और कुवैत अल-सबा के शासक राजा के अपर सचिव के साथ बातचीत करने का मौका मिला।

ध्रुव पंडित ने साइबर सुरक्षा के महत्व पर भाषण दिया, कैसे भारत कुवैत को कुवैत के लिए एक सुरक्षित और सुरक्षित आईटी इंफ्रा विकसित करने में मदद कर सकता है। उन्होंने भारत की राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति के बारे में भी बताया कि कैसे भारत साइबर सुरक्षा इको-सिस्टम के विकास के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। अंत में ध्रुव पंडित को भारत के ब्रांड एंबेसडर डॉ. आदर्श स्वाइका ने कुवैत नेशनल पेट्रोलियम कंपनी (केएनपीसी) के प्रबंध निदेशक से मिलने और केएनपीसी आईटी इंफ्रा के सुरक्षित और सुरक्षित वातावरण का निर्माण करने के लिए उनका मार्गदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया।








## वडोदरा में महिला संगठन ने स्कूली बच्चों को निःशुल्क स्टेशनरी का वितरण किया

हरियाणा के वडोदरा शहर की गौड़ ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए नोटबुक-स्टेशनरी वितरण का एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें प्रति बच्चे एक दर्जन नोटबुक शहर में रहने और पढ़ने वाले बच्चों को वितरित की गई। इस कार्यक्रम में वड़ोदरा शहर महिला संगठन टीम के 90 से अधिक सदस्य मौजूद रहीं । मनीषा शर्मा ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया । कुल 56 बच्चों को नोटबुक बांटी गई। इस मौके पर मनीषा शर्मा ने कहा कि हम महिलाओं ने फंड इकट्ठा कर स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने के बारे में सोचा था । जिसके लिए हम महिलाएं कई दिनों से इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के लिए मेहनत कर रही थीं। वड़ोदरा शहर की सभी महिलाओं ने भरपूर सहयोग दिया है । ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखें और उन्होंने सदस्यों में जागरूकता बढ़ाने की अपील की और महिलाएं भी सक्रिय रूप से भाग लें उसके लिए अनुरोध किया।









# क्यों आता है अचानक हार्ट अटैक? किन कारणों से पैदा होता है इसका खतरा,
# पाटण से कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.देवेन्द्र शर्मा से खास बातचीत

### सवाल - हार्टअटैक क्या होता है?

जवाब - जब हृदय की नली में अचानक रूकावट से हृदय में खून पहुंचना बंद हो जाता है तब इससे हृदय में तीव्र वेदना होती है, इसे हार्ट अटेक कहा जाता है। अगर इस स्थिति को बिना उपचार के छोड़ दिया जाए तो यह किसी भी व्यक्ति के लिए घातक साबित हो सकता है। अगर आप पहले ही इस स्थिति का निदान कर लेते हैं और उपाचर प्राप्त कर लेते हैं तो आपको कम ही नुकसान होता है। हर व्यक्ति में हार्ट अटैक के लक्षण अलग अलग हो सकते हैं। हार्ट अटैक के सामान्य लक्षण जैसे कि 1.) कोल्ड स्वैट (शरीर से पसीना आता है लेकिन ठंड भी लगती है।) 2.) थकान महसूस होती है 3.) साँस लेने में परेशानी होती है 4.) शरीर का भार कम महसूस होता है 5.) चक्कर आते हैं 6.) बाएँ हाथ में दर्द होता है 7.) उल्टी महसूस होती है 8.) अपच की समस्या भी हो सकती है 9.) सीने में जलन होती है। कुछ लोगों को हार्ट अटैक बिना किसी चेतावनी के आता है तो वहीं कुछ लोगों को हार्ट अटैक से पूर्व कुछ लक्षण देखने को मिल जाते हैं। कुछ मामलों में यह भी देखा गया है कि हार्ट अटैक से पहले किसी व्यक्ति के बाएँ हाथ में दर्द शुरू हो जाता है।

### सवाल - हाल ही में दिल के दौरे की घटनाओं में वृद्धि का क्या कारण है?

आजकल की अनियमित जीवन शैली, मानसिक तनाव, अनियमित खानपान एवं व्यायाम के अभाव से हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़, हाई कोलेस्ट्रॉल रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है एवं इसी कारणवश हार्ट अटैक के रोगियों की संख्या की में वृद्धि हो रही है। अगर आपके घर में पीढ़ियों से हृदय रोग (माता-पिता, भाई या बहन) का इतिहास रहा है तो आपको दिल का दौरा या स्ट्रोक होने की संभावना सामान्य आबादी की तुलना में दो गुना है। लंबे समय तक अनियंत्रित ब्लड प्रेशर का स्तर आपके हृदय को रक्त की आपूर्ति करने वाली धमनियों को नुकसान पहुंचा सकता है जिससे आप दिल के दौरे की चपेट में आ सकते हैं। कई बार खराब कोलेस्ट्रॉल या एलडीएल का आपकी धमनियों पर नकरात्मक प्रभाव पड़ता है क्योंकि इस कारण से आपकी नसें संकीर्ण हो जाती हैं। खराब कोलेस्ट्रॉल या एलडीएल का आपकी धमनियों पर नकरात्मक प्रभाव पड़ता है क्योंकि इस कारण से आपकी नसें संकीर्ण हो जाती हैं। इसके उपरांत हाई ब्लड शुगर और तनाव भी हार्टअटैक ला सकते है।



**डॉ.देवेन्द्र शर्मा**
कार्डियोलॉजिस्ट

### सवाल - सबसे ज्यादा हार्टअटैक का रिस्क किस व्यक्ति को रहता है?

सबसे ज्यादा हार्ट अटैक का रिस्क उन व्यक्तियों में होता है जिन्हें डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर , हाई कोलेस्ट्रॉल ,मोटापा इत्यादि की शिकायत हो एवं जो धूम्रपान या तंबाकू का सेवन करते हो।

### सवाल - हार्ट फैल्योर होना और हार्टअटैक आना दोनो अलग है या एक ही है?

दिल का फेल (हार्ट फेलियर) होना वह होता है जिसमें हार्ट उतना ब्लड पंप नहीं कर पाता है जितना हमारे शरीर को जरूरत होती है। वहीं, हार्ट अटैक (heart attack) की दूसरी अवस्था है। इसमें कोरोनरी धमनी में रक्त प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है। हृदय की मांसपेशियों को रक्त की आपूर्ति बंद हो जाती है या बुरी तरह कम हो जाती है।

### सवाल - हार्टअटैक में मरीज को कैसे ट्रीटमेन्ट दी जाती है?

हार्ट अटैक आने पर तुरंत अपने नजदीकी डॉक्टर की सलाह ले । अस्पताल आमतौर पर दिल के दौरे के दौरान क्षतिग्रस्त हृदय की मांसपेशियों के हिस्से में रक्त के प्रवाह को बहाल करने के लिए तकनीकों का उपयोग करते हैं : आपको थक्का-घुलने वाली दवाएं (थ्रोम्बोलिसिस), बैलून एंजियोप्लास्टी (पीसीआई), सर्जरी या उपचार का एक संयोजन प्राप्त हो सकता है।

### सवाल - हार्ट को तंदुरस्त रखने के लिए लाईफस्टाईल में क्या बदलाव जरुरी है?

अपने दिल को तंदुरस्त रखने के लिए डाइट के साथ-साथ एक्सरसाइज भी करना जरूरी है। दिल को मजबूत बनाने के लिए व्यायाम सबसे अच्छा तरीका है। जो लोग फिजिकली एक्टिव रहते हैं उनका हार्ट भी हेल्दी रहता है। एक्सरसाइज से हृदय की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। इससे आपका वजन कंट्रोल रहता है। एक्सरसाइज करने से हाई ब्लड शुगर, हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल रहता है. एक्सरसाइज करने से दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा भी कम हो जाता है। एक्सरसाइज जैसे कि वॉक, स्विमिंग, योग आदि की जा सकती है।

### सवाल - डायाबीटीस या ब्लड प्रेशरवाले मरीज को हार्टअटैक से बचने के लिए क्या सावधानी बरतनी होती है?

डायाबिटीज या ब्लड प्रेशर वाले मरीजों को नियमित रूप से अपना चेकअप कराते रहना चाहिए एवं दवाइयों का सेवन करना चाहिए जिससे ब्लड प्रेशर एवं शुगर नियंत्रण में रहे एवं हार्ट अटैक की संभावना को कम किया जा सके।

### सवाल - एकबार हार्टअटैक की एन्जोप्लास्टी होने के बाद क्या दूसरी बार हार्टअटैक आ सकता है?

एकबार हार्टअटैक की एन्जोप्लास्टी होने के बाद भी उसी नली या कोई दूसरी नली में अवरोध उत्पन्न होने के कारण दूसरी बार हार्टअटैक आ सकता है परंतु नियमित दवाई और खानपान के संयम से इस संभावना को कम किया जा सकता है।

### सवाल - 40 साल की आयुवाले व्यक्ति को रेग्युरल कौन से चेकअप करवाने जरुरी है?

40 साल की आयु वाले व्यक्तियों को अपना रेगुलर हेल्थ चेक अप कराते रहना चाहिए जैसे कि शुगर ब्लड प्रेशर ,कोलेस्ट्रॉल की जांच ,ईसीजी इत्यादि। 40 की उम्र के बाद कोलेस्ट्रॉल का स्तर जरूर पता करना चाहिए। जिसके लिए लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करवाया जाता है। इससे टोटल कोलेस्ट्रॉल, एचडीएल, एलडीएल, वीएलडीएल, ट्राइग्लिसराइड आदि का स्तर पता चल जाता है। किडनी फंक्शन टेस्ट को रीनल फंक्शन टेस्ट भी कहा जाता है। अगर आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या हार्ट डिजीज के मरीज हैं, तो यह टेस्ट आपके लिए काफी जरूरी हो जाता है। जिसमें गुर्दों की हर पहलू से जांच की जाती है। ये सभी टेस्ट किसी जानकार डॉक्टर से सलाह लेकर ही कराएं।

### सवाल - समाजजनो को क्या मेसेज देना चाहेंगे?

समाज जनों को यही संदेश देना चाहता हूं की हेल्थ इस वेल्थ इसीलिए स्वस्थ जीवन शैली से अपने हृदय का और अपनी हेल्थ का का ध्यान रखें एवं स्वस्थ रहें। अपने भोजन में स्वस्थ खाद्य पदार्थों को शामिल करना भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस नियम का आपको पालन करने की आवश्यकता है। आहार को संतुलित रखें। ज़्यादा कैलोरीयुक्त भोजन न करें। प्रतिदिन फल तथा जूस का भी सेवन करते रहें। शरीर में दिख रहे किसी भी प्रकार के कोई भी लक्षण को अनदेखा न करें। नकारात्मक विचारों को स्वयं से दूर रखें। यदि आपको किसी प्रकार का डिप्रेशन या तनाव है तो उससे छुटकारा पाने की कोशिश करें।



# हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात
# पत्रिका टीम को बहुत बहुत अभिनंदन




पुत्र स्व. श्री रामेश्वर कुड़ाया
(माधोपुरा वाले) अहमदाबाद
मो.- 9825019516
कोषाध्यक्ष, गुजरात प्रदेश
अ.भा. ह. गौ. ब्रा. महासभा



**राजेश शर्मा**
पुत्र स्व. श्री रामेश्वर कुड़ाया
(माधोपुरा वाले)
मो.- 9909019516

# Rameshwar
## Warehouse

**Rameshwar** Logistics

**Rameshwar** Coil Cutter LLP

**All Type Plate & Strcures Stock Yard**

537/B, opp. Gangeshwar High School, Near Gokul Hotel,
Kanbha, Ahemdabad-382730 Ph.- 02718-286418, 079 65446374